तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 26 फरवरी 2026

खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार



4
नर्सिंग कॉलेज के रूप में जुड़ी विकास की एक और कड़ी




## खबर संक्षेप

### हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**सरसीवा।** जानकारी के अनुसार ग्राम सोहागपुर निवासी यशवंत साहू उर्फ सोनू साहू 21 ने 22 फरवरी की रात करीब साढ़क 8 बजे डुरूमगढ़ निवासी काशीराम भारद्वाज 40 पर धारदार चाकू से हमला कर दिया। आरोपी नशे के प्रभाव में अपशब्दों का प्रयोग कर रहा था। जब आहत काशीराम ने उसे संयम बरतने की सलाह दी, तो विवाद ने उग्र स्वरूप ग्रहण कर लिया। आरोप है कि आक्रोशित युवक ने जान से मारने की नीयत से काशीराम के सिर और पीठ पर वार कर दिए। गंभीर चोटों से लहूलुहान हुए काशीराम को तत्काल शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गयाए जहां उनका उपचार जारी है। प्रार्थिया रंजू भारद्वाज की रिपोर्ट पर थाना सरसींवा में तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 एवं 296 में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण को विवेचना में लिया गया। पुलिस ने सक्रियता और सूझबूझ का परिचय देते हुए घेराबंदी कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने मारपीट करना स्वीकार किया। जहाँ पुलिस द्वारा घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू तथा मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एम एक्स 5173 जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 30 हजार रुपए आंकी गई है, को विधिवत जब्त कर लिया है। आरोपी को 23 फरवरी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

### लाईवलीहुड कालेज में कौशल प्रशिक्षण

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कालेज में संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो गया है। शेष बची सीटों की पूर्ति के लिए इच्छुक युवक.युवतियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कालेज ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज में इस सत्र में इलेक्ट्रिशियन 10वीं उत्तीर्ण एवं इलेक्ट्रिशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन 8वीं उत्तीर्ण पाठ्यक्रमों में निःशुल्क गैर.आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

### जिला जेल में योग शिविर का आयोजन

**रायगढ़।** जिला जेल में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जेल अधीक्षक जीएस शोरी की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम में 490 बंदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बंदियों को सकारात्मक जीवनशैली की ओर प्रेरित करना एवं उनके व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। प्रशिक्षित योगाचार्य राजेश कन्नोजिया द्वारा बंदियों को योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। शिविर के दौरान सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन, पवनमुक्तासन, अनुलोम.विलोम, कपालभाति एवं भ्रामरी प्राणायाम सहित विभिन्न योग क्रियाएं कराई गईं। योग विशेषज्ञ ने बताया कि नियमित योगाभ्यास से तनाव चिंता एवं अवसाद में कमी आती है तथा आत्मानुशासन, संयम और सकारात्मक सोच का विकास होता है।

### जेल के बंदी बनाएंगे मशरूम उत्पादन के लिए ट्रेनिंग शुरु

**रायगढ़।** जेल में बंदियों के कौशल विकास के लिए मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया है। एसबीआई आरसेटी के विशेष सहयोग से आयोजित यह 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बंदियों को स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम बैच में 35 बंदियों का पंजीयन किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बंदियों को आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें ऐसा व्यावसायिक कौशल प्रदान करना है, जिससे वे रिहाई के बाद सम्मानजनक जीवन यापन कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विशेषज्ञों द्वारा मशरूम उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। बंदियों को कंपोस्ट तैयार करने की विधिए स्पॉन बीज डालने की तकनीक, तापमान एवं नमी संतुलन बनाए रखने जानकारी दी गई।

### 14 साल पहले ओसीएल कंपनी का खनि पट्टा किया गया था निरस्त, फिर किसी को जारी नहीं

# बाहर से शांत रामपुर पहाड़ ऊपर से हो रहा खोखला, कभी भी हो सकता है भूस्खलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

14 साल पहले ओसीएल के रामपुर क्वाट्र्जाइट खदान के लिए जारी पट्टा तो निरस्त कर दिया गया था, लेकिन अवैध तरीके से खन तो जारी है। भलेहि खनन कुछ मात्रा में ही हो रहा है, लेकिन हर दिन कुछ न कुछ खनन होता ही है। इसका पता तब चलता है जब कोई रामपुर पहाड़ के उपर जाता है। नीचे से तो सबकुछ शांत और सही लगता है, लेकिन जैसे ही उपर पहुंचेंगे तो वहां 10-15 लोग छोटे-छोटे औजारों से खनन करते मिल ही जाएंगे।

जब वहां कोई पहुंचता है तो औजार नीचे रख देते हैं और वहीं टहलने लगते हैं, मानों सैर करने आए हैं। याने खनन बंद नहीं हुआ। लोकल खनन माफिया अब मजदूरों को लगाकर एक ओर से क्वाट्र्जाइट खनन करवा रहे हैं। मौके पर करीब दस मजदूर मिले। एक किनारे से पहाड़ को खोदा जा रहा है। इससे पहाड़ धसकना शुरू हो चुका है। हैरानी की बात यह है कि महज दो किमी दूर बैठा खनिज विभाग को पता ही नहीं है।



उर्दना रामपुर में वन कम्पार्टमेंट नंबर 81 के 34.601 हे. रकबा में ओसीएल इंडिया लिमिटेड को क्वाटर्जाइट खनिपट्टा स्वीकृत किया गया था। 2012 में इस आवंटन को निरस्त किया गया था क्योंकि भारी अनियमितता पाई गई थी। तब से खनन बंद कर दिया गया, लेकिन यह सिर्फ केवल कागजों में।। हकीकत यह है कि ओसीएल ने जहां से खनन छोड़ा था, वहां से माफियाओं ने काम चालू कर दिया। जिन प्लांटों को को क्वाटर्जाइट की जरूरत होती है, वे यहां के माफिया से संपर्क करते हैं। नीचे से देखने पर पहाड़ शांत लगता है। रामपुर पहाड़ के ऊपर जाकर देखने पर पूरा नजारा ही अलग है। वहां खुदाई के औजार लेकर करीब दस-पंद्रह महिला-पुरुष मजदूर खनन में लगे रहते हैं। अनजान आदमी को देखकर काम बंद कर देते हैं। चुपचाप आपस में ही कुछ बात करने लगते हैं। जहां खनन किया जा रहा है वह हिस्सा धसकने ही वाला है।

### हो गया बड़ा गड्ढा

यदि अभी भी खनन ऐसे ही चलता रहा तो आगामी बरसात में पहाड़ का पीछे वाला हिस्सा कटकर नीचे बह जाएगा। यहां से क्वाटर्जाइट पत्थर निकाले जा चुके हैं। बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। रामपुर-गोवर्धनपुर रोड से एक कच्ची सडक़ पहाड़ के उपर तक जाती है। यहीं से ट्रैक्टर पहुंचते हैं और खोदा गया क्वाटर्जाइट लेकर धीरे से निकल जाते हैं। दूसरी ओर पर्यावरण की दृष्टि से भी पहाड़ पर खनन करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। वन विभाग ने ओसीएल को नियमों से परे जाकर एनओसी दी। रामपुर पहाड़ी रिजर्व फॉरेस्ट की श्रेणी में आता है। इसका संरक्षण भी वन विभाग को करना है, खनिज विभाग भी इसके लिए जवाबदेह है। पहाड़ के ऊपर क्वाटर्जाइट की चट्टानें सतह पर हैं, लेकिन वन और खनिज विभाग को कुछ जानकारी ही नहीं है।

### तय नहीं किसे करें बिक्री

मौके पर मौजूद मजदूर किसी को कुछ नहीं बताते हैं। काफी देर बाद उनको भरोसा होता है तो कुछ बता देते हैं। उनमें से एक ने काफी मेहनत के बाद बताया कि रोज यहीं से पत्थर निकालते हैं। कोई भी खरीदार मिल जाता है। इन मजदूरों के पीछे कौन है यह किसी को पता ही नहीं है। पहाड़ की चोटी पर जाकर क्वाटर्जाइट खनन करने की वजह से पहाड़ धसकने का खतरा बढ़ गया है। मजदूरों का कहना था कि किसी को पत्थर बिक्री कर देते हैं। फिक्स नहीं है किसको कब बिक्री करेंगे।

### पुरी और पुणे के मध्य एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**रायगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने तथा उन्हे सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुरी और पुणे के मध्य एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायगढ़, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, एवं गोंदिया स्टेशनों पर दिया गया है। गाड़ी संख्या 08405 पुरी.पुणे स्पेशल ट्रेन 27 फरवरी शुक्रवार 2026 को पुरी से 06.00 बजे रवाना होगी तथा खुर्दा रोड आगमन 06.45 बजे, प्रस्थान 06.50 बजे, भुवनेश्वर आगमन 07.15 बजे, प्रस्थान 07.20 बजे, कटक आगमन 07.50 बजे, प्रस्थान 07.55 बजे, ढेंकानाल आगमन 08.45 बजे, प्रस्थान 08.47 बजे, तालचेर रोड आगमन 09.30 बजे, प्रस्थान 09.32 बजे, अनुगुल आगमन 09.55 बजे, प्रस्थान 09.57 बजे, संबलपुर सिटी आगमन 12.20 बजे, प्रस्थान 12.25 बजे, झारसुगुड़ा रोड आगमन 1.30 बजे, प्रस्थान 13.35 बजे, रायगढ़ आगमन 15.13 बजे, प्रस्थान 15.15 बजे, बिलासपुर आगमन 18.15 बजे, प्रस्थान 18.25 बजे, रायपुर आगमन स्टेशन पहुंचेगी।

### वसंत की बहार को काली डस्ट लगा रही ग्रहण



**रायगढ़।** आम के बौर की खुशबू मन को मोहित करता है और बसंत आगमन का हमें संदेश देती है, लेकिन रायगढ़ शहर और आसपास बसंत की बहार को काली डस्ट ग्रहण लगा रहा है। खिले बौर ऐसे लगता है जैसे आम का पेड़ पीतांबरी पुष्पों से श्रृंगार किया हो। इसके उलट यहां डस्ट ने बौर को अपनी आगोश में लेकर काली कर दिया है।

### सास-बहू सम्मेलन का हुआ आयोजन

**रायगढ़।** जिला स्वास्थ्य समिति व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में रायगढ़ शहरी क्षेत्र के मांगलिक भवन, अतरमुड़ा वार्ड क्रमांक 26 में सास.बहू सम्मेलन एवं निःशुल्क आउटरीच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद सरिता राजेंद्र ठाकुर उपस्थित रहीं। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पार्षद सरिता राजेंद्र ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लागू आयुष्मान योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे देश के हर वर्ग को गंभीर बीमारियों के उपचार में सहायता मिल रही है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों द्वारा घर.घर पहुंचकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के कार्य की प्रशंसा की और कहा कि बच्चों के समुचित विकास के लिए सही पोषण और विटामिन अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने परिवार नियोजन के महत्व पर बल देते हुए नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी।

## खाना खाकर सोने गया युवक, कुछ देर बाद कमरे में मिली खून से लथपथ लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीती रात खाना खाकर सोने गए युवक की कुछ देर बाद कमरे में खून से लथपथ लाश मिलने से दहशत माहौल निर्मित हो गया। यह घटना घरघोड़ा थाना क्षेत्र का है। यहां वार्ड क्रमांक 8 स्थित एक मकान के कमरे में 20 वर्षीय युवक की खून से लथपथ शव मिलने से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। मृतक की पहचान अभिषेक विश्वकर्मा पिता धनीराम विश्वकर्मा 20 निवासी वार्ड 8 घरघोड़ा के रूप में की गई है।



जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 10 बजे के आसपास की बताई जा रही है। परिजनों ने बताया कि अभिषेक खाना खाने के बाद अपने कमरे में चला गया था। कुछ देर बाद कमरे से किसी चीज़ के गिरने की आवाज आई। जब परिजन दरवाजे तक पहुंचे तो कमरा अंदर से बंद मिला। आवाज देने और फोन करने के बावजूद जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलीए, तो परिजनों ने खिड़की से झांककर देखा। अंदर का दृश्य देख उनके होश उड़ गए। युवक खून से सना फर्श पर पड़ा था। घटना की सूचना घरघोड़ा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने रात होने की वजह से कमरे को सील कर दिया। घटनास्थल से एक धारदार हथियार कत्ता भी बरामद किया गया है। प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस द्वारा फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया। ताकि साक्ष्यों का बारीकी से परीक्षण किया जा सके। फिलहाल पुलिस हर एंगल से जांच कर ही है। मामले का खुलासा पुलिस जांच के बाद ही हो सकता है।

**खास बात**

- परिजनों ने जाकर देखा तो कमरे में खून से लथपथ पड़ी थी बेटे की लाश

## मासूम से दुष्कर्म, आरोपी को मिली आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

6 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को कोर्ट ने आजीवन करावास की सजा सुनाया है। बालिका को युवक आइसक्रीम का लालच देकर साथ ले गया। फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मुंह दबा दिया था। ऐसे में बालिका ने मामले की जानकारी उसकी मां को दी। जिसके बाद उन्होने थाने में अपराध दर्ज कराया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया था। जहां कोर्ट ने आरोपी को आजीवन करावास की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार 8 मार्च 2025 का है, जब रायगढ़ के चक्रधर नगर क्षेत्र की रहने वाली एक 06 वर्षीय बालिका को आरोपी ने आइसक्रीम का लालच दिया था। सूरज निषाद जो पास की ही एक पाव.भाजी दुकान में काम करता था, मासूम को बहला.फुसलाकर दुकान के ऊपर बने कमरे में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची के शोर मचाने पर उसका मुंह दबाकर उसे डराया गया, जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गई थी। अदालत ने अपने फैसले में टिप्पणी की कि 12 वर्ष से कम उम्र की बालिका के साथ ऐसा कृत्य न केवल पीड़िता बल्कि उसके पूरे परिवार को मानसिक और शारीरिक रूप से तोड़ देता है। न्यायालय ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 65,2 और पोक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत सूरज निषाद को उम्रकैद और 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। सजा के साथ ही अदालत ने पीड़िता के भविष्य और पुनर्वास के लिए 07 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि मुआवजा मंजूर की है।

## कायाघाट क्षेत्र में किशोरों को बेच रहे थे नशे का इंजेक्शन, पकड़े गए दो आरोपी

**रायगढ़।** जूटमिल इलाके में दर्द निवारक इंजेक्शन का खतरनाक तरीके से नशे के रूप में उपयोग करन की जानकारी मिली तो पुलिस ने धर-पकड़ शुरु की । जूटमिल टीआई के नेतृत्व में कायाघाट बाबाकुटी के पास की दबिश दी गई। मौके पर पुलिस को देखकर 3-4 नाबालिग बालक भाग खड़े हुए। घेराबंदी कर पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम रवि गुप्ता पिता जानप्रकाश गुप्ता 42, निवासी जूटमिल गेट के सामने थाना बताया।



तलाशी के दौरान आरोपी के पास से अखबार में लिपटे 10 नग (एमआरपी 59.68 प्रति एम्पुल) कीमत लगभग 596.80 तथा बिक्री की 200 रुपए नकदी बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी ने इंजेक्शन प्रति एम्पुल 200 में अवैध तरीके से बेचने की बात स्वीकार की। दूसरी कार्रवाई कायाघाट चौपाटी तिराहा के पास की गई।यहां सुरेश वर्मा पिता मातु वर्मा 27 निवासी कायाघाट मुक्तिधाम को उसके मकान के बाहर से पकड़ा गया। पुलिस को देखकर 3-4 युवक मौके से भाग गए। दोनों आरोपियों द्वारा यह जानते हुए भी कि उक्त इंजेक्शन एक हानिकारक मादक द्रव्य है और इसके सेवन से नुकसान हो सकता है। नाबालिग बच्चों को अवैध रूप से बिक्री की जा रही थी। छोटे-छोटे किशोरों में नशे की प्रवृत्ति विकसित कर उनके स्वास्थ्य एवं भविष्य को खतरे में डालने के कृत्य पर थाना जूटमिल में धारा 77 जेजे एक्ट तथा धारा 123, 275, 286 भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पकड़े गए गिरफ्तार आरोपी रवि गुप्ता 42, सुरेश वर्मा 27 को गिरफ्तार किया गया है।

### कलेक्टर ने बैठक में दिए राजस्व अधिकारियों को निर्देश

# अब पंचायत स्तर पर ही निबटेगा अविवादित नामांतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में राजस्व मामलों के त्वरित और पारदर्शी निराकरण को लेकर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लिया। कलेक्टर ने बैठक में तहसीलवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने सीमांकन, बंदोबस्त, त्रुटि सुधार, भू.अभिलेख, भू.अर्जन, वन अधिकार पट्टा नामांतरण, बंटवारा एवं खाता विभाजन जैसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए गए।



बैठक में जानकारी दी गई कि कुल 10.661 प्रकरण दर्ज हुए थे, जिनमें से 8,486 का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 2,175 प्रकरण लंबित हैं। इनमें से 89 प्रकरण समय सीमा से बाहर हैं। कलेक्टर ने सभी लंबित और समय.सीमा पार मामलों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अविवादित नामांतरण एवं बंटवारे के मामलों को पंचायत स्तर पर ही अनिवार्य रूप से निपटाने के निर्देश भी दिएए, ताकि आमजन को अनावश्यक कार्यालयों का चक्कर न लगाने पड़ें। कलेक्टर ने आरआरसी, ऋण वसूली, राष्ट्रीय अभियान एवं जल जीवन मिशन के कार्यों में प्रगति लाने के लिए विभागीय समन्वय बढ़ाने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग से संबंधित उचित मूल्य दुकानों में भौतिक सत्यापन के दौरान पाई गई कमी की भरपाई एवं वसूली के लिए 7 दिनों के भीतर प्रगति लाने को कहा गया।

अब अतिरिक्त कलेक्टर भी करेंगे दौरा उन्होंने आदिम जाति विकास विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर वन अधिकार पत्र और फौती नामांतरण के लंबित मामलों को भी प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में पदस्थ अतिरिक्त कलेक्टर को क्षेत्र भ्रमण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी होली पर्व को ध्यान में रखते हुए सभी अनुविभागीय कार्यालय स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी माह से ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले समाधान शिविरों की तैयारी करने के लिए जिला पंचायत सीईओ, सीएमएचओ, महिला एवं बाल विकास, श्रम, लीड बैंक अधिकारी, कृषि सहित सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया।

## एनटीपीसी के करीब बिना अनुमति ग्रामीणों का प्रदर्शन, 5 को नोटिस

**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा के निकट बिना अनुमति धरना प्रदर्शन आयोजित करने के मामले में जिला प्रशासन ने 5 लोगों को नोटिस जारी किया है। यह कार्रवाई एसडीएम द्वारा जारी आदेश के उल्लंघन पर की गई है। इसमें तहसील पुसौर के लारा निवासी कृष्णा प्रधान, गौरी शंकर मिरधा, महेन्द्र मिरधा तथा मुरली प्रधान को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब देने कहा गया है। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिले में सार्वजनिक व्यवस्था, कानून.व्यवस्था तथा शांति बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मयंक चतुर्वेदी द्वारा महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। आदेश के अनुसार रायगढ़ जिले में सर्व विविध, निजी, सार्वजनिक, धार्मिक, राजनीतिक एवं अन्य संगठनों अथवा संस्थाओं द्वारा आयोजित किए जाने वाले सभी प्रकार के सार्वजनिक आयोजनों के लिए जिला प्रशासन की पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य किया गया है। इसके बावजूद 24 फरवरी 2026 को एनटीपीसी लारा के पास बिना विधिक अनुमति धरना आयोजित किए जाने की जानकारी प्रशासन को मिली। जिसके पश्चात अनुविभागीय दण्डाधिकारी ने इस संबंध में उक्त लोगों के ऊपर कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किया है।

## खबर संक्षेप

### प्राण प्रतिष्ठा के लिए निकली कलश यात्रा

**राउरकेला।** पानपोष स्थित जगन्नाथ कॉलोनी में पंचमुखी हनुमान एवं शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का शुभारंभ बुधवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः ब्राह्मणी नदी तट स्थित हनुमान मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा के साथ हुई।हनुमान घाट पर बनारस से पधारे आचार्य ने विधि-विधान से मंत्रोच्चार कर कलश में पवित्र जल भरवाया। इसके बाद 125 महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर शोभायात्रा में भाग लिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों से पूरा मार्ग भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।कलश यात्रा हनुमान घाट से निकलकर पानपोष चौक, मुख्य मार्ग, रेलवे अंडरपास और पानपोष अस्पताल होते हुए जगन्नाथ कॉलोनी स्थित नवनिर्मित मंदिर परिसर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। धार्मिक उत्साह से सराबोर इस आयोजन के साथ ही चार दिवसीय हनुमत सह शिव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ विधिवत आरंभ हो गया।यह संपूर्ण अनुष्ठान श्री श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

### दिव्यांग युवती के साथ दुष्कर्म, अधेड़ गिरफ्तार

**बीरमित्रपुर ।** बकरी चराने के लिए गई एक दिव्यांग युवती 19 वर्षीय मुक वधीर के साथ बार बार दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ति की तबियत खराब होने तथा उसके छह माह की गर्भवती होने पर उसके साथ गांव के ही एक अधेड द्वारा मुंह काला किये जाने का खुलासा हुआ। पीड़िता को इलाज के बाद उसके परिवार को सौंप दिया गया है। पीड़िता के परिवार द्वारा दी गई लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि युवती रोज़ अपने गांव से कुछ दूरी पर स्थित जंगल में बकरी चराने जाया करती थी। उसी जंगल में 55 वर्षीय बनमाली राउत नामक अधेड भी गाय चराने के लिए आता था। जंगल में युवती को अकेला पाकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी।चार से पांच बार उसे अपने हवस का शिकार बनाया। डर के कारण युवती ने किसी को कुछ नहीं बताया। लगभग 6 महीने की गर्भवती होने की जानकारी सामने आने के बाद यह घटना उजागर हुई, तब युवती ने लोगों के सामने इशारे में पूरी आपबीती बताई। आरोपित को गिरफ्तार कर उसका मेडिकल टेस्ट कराया गया।एस डी पी ओ सुशांत दास ने इसकी पुष्टि करते हुए आरोपी अधेड को जेल भेजे जाने की जानकारी दी।


### एनएच-320 डी निर्माण कार्य की भाजपाइयों ने की समीक्षा

**राउरकेला ।** बंडामुंडा क्षेत्र में एनएच-320डी के निर्माण कार्य में तेजी देखी जा रही है। इसी क्रम में भाजपा बंडामुंडा मंडल अध्यक्ष ने फुलबारी स्कूल के समीप चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों से मुलाकात कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता, सड़क पर उड़ने वाली धूल तथा किनारे लगे पुराने बिजली पोल से उत्पन्न हो रही बाधाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। स्थानीय लोगों को धूल से हो रही परेशानी को गंभीरता से लेते हुए लखन लोहार ने अधिकारियों को नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराने, निर्माण सामग्री को ढककर रखने तथा आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि धूल नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएंगे।

## निधन

### सुशीला तिवारी

**जांजगीर चाम्पा।** समीपस्थ ग्राम बनारी के प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवानिवृत्त प्रधान पाठक स्वर्गीय देव खिलावन तिवारी की धर्मपत्नी एवं इंग्लिश आचार्य के डायरेक्टर दीपक तिवारी की माता श्रीमती सुशीला तिवारी का बुधवार 25 फरवरी को निधन हो गया। उनकी उम्र 80 वर्ष थी। वे अपने पीछे तीन पुत्री और एक पुत्र के साथ नाती पोतो से भरा पूरा परिवार बिलखता छोड़ गई। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बनारी के मुक्ति धाम में हुआ। इस मौके पर परिजन एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## कोयला व्यापारी से 30 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए

# विजिलेंस छापे में खनन उपनिदेशक गिरफ्तार घर से 4 करोड़ से अधिक नकद बरामद

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में हाल के वर्षों की सबसे बड़ी भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई में ओडिशा विजिलेंस ने कटक सर्किल के खनन उपनिदेशक देबव्रत मोहंती को 30 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इसके बाद उनके आवास पर छापेमारी में 4 करोड़ रुपये से अधिक नकद बरामद किए गए।

विजिलेंस टीम ने मंगलवार को एक लाइसेंसधारी कोयला व्यापारी से रिश्वत की रकम लेते समय मोहंती को दबोच लिया। गिरफ्तारी के तुरंत बाद आय से अधिक संपत्ति (डीए) के आरोप में उनके विभिन्न ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान उनके फ्लैट में ट्रॉली बैग और अलमारियों में छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई।

विजिलेंस सूत्रों के अनुसार, विभाग के इतिहास में यह अब तक की सबसे बड़ी नकद बरामदगी मानी जा रही है। देबव्रत मोहंती ने 9 अगस्त 2004 को ओडिशा खान एवं खनिज विभाग में बालांगीर खनन कार्यालय में जूनियर माइनिंग ऑफिसर (सीनियर सर्वेयर) के रूप में सरकारी सेवा शुरू की थी। अपने 21 वर्षों से अधिक के कार्यकाल में



वे राज्य के कई प्रमुख खनन क्षेत्रों में पदस्थापित रहे। उन्होंने बारीपदा (2006–2008), ब्रह्मपुर (2009–2011), कटक (2011–2014) और राज्य मुख्यालय भुवनेश्वर (2014–2018) में सेवाएं दीं। मार्च 2018 में उन्हें सहायक खनन अधिकारी (मुख्य सर्वेयर) के पद पर पदोन्नत कर संबलपुर भेजा गया। इसके बाद अप्रैल 2022 से दिसंबर 2025 तक वे फूलबनी में खनन अधिकारी के रूप में कार्यरत रहे, जहां उन्होंने फूलबनी, बौध और नयागढ़ जिलों में खनन गतिविधियों की निगरानी की। 7 जनवरी 2026 को उन्होंने कटक सर्किल के खनन उपनिदेशक का पदभार संभाला था। उनके अधिकार क्षेत्र में कटक और केंद्रापड़ा जिले शामिल थे, जो राज्य की खनन प्रशासनिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

जांच जारी, वित्तीय दस्तावेज खंगाले जा रहे। विजिलेंस अधिकारियों ने बताया कि जब्त नकदी की गिनती और दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया जारी है। साथ ही यह जांच की जा रही है कि बरामद धनराशि का स्रोत क्या है और क्या आरोपी ने आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की है। मोहंती से जुड़े बैंक खातों, संपत्ति दस्तावेजों, निवेश और अन्य वित्तीय अभिलेखों की भी जांच की जा रही है।

इस गिरफ्तारी और रिकॉर्ड नकद बरामदगी से राज्य के खनन प्रशासन में हड़कंप मच गया है। प्राकृतिक संसाधनों से जुड़े नियामक क्षेत्रों में पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। विजिलेंस की कार्रवाई जारी है और मामले में आगे और खुलासों की संभावना जताई जा रही है।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बढ़ी सतर्कता

**राउरकेला।** नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष विभिन्न अभियानों में 100 नक्सली मुठभेड़ों में मारे गए थे, जबकि इस वर्ष अब तक 49 नक्सलियों के ढेर किए जाने की पुष्टि हुई है। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि क्षेत्र में शांति बहाली तक अभियान निरंतर जारी रहेगा। सूत्रों के मुताबिक, नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विशेष रणनीति तैयार की गई है। जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। कई मौकों पर सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच आमना-सामना हुआ, जिसमें दोनों ओर से गोलीबारी की घटनाएं सामने आईं। अधिकारियों के अनुसार, नक्सली संगठन विकास कार्यों को बाधित करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन सुरक्षा बलों की मुस्तैदी से कई संभावित साजिशों को विफल कर दिया गया। हालिया अभियानों के दौरान हथियार, विस्फोटक सामग्री और अन्य आपत्तिजनक सामान भी बरामद किए गए हैं।

## खनिज और शराब की अवैध गतिविधियों पर होगी कार्रवाई

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बुधवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक ली। बैठक में पुलिस, वन, राजस्व, खनिज, नेशनल हाइवे, पीडब्लूडी, पशुधन और नगरपालिका आदि के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में होली पर्व के मद्देनज़र सुरक्षा इंतजाम, अवैध भंडारण और परिवहन के साथ साथ गौण खनिजो के अवैध खनन, अवैध शराब बिक्री, यातायात व्यवस्था, सड़क सुरक्षा को लेकर समीक्षा करते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने महत्वपूर्ण निर्देश दिए और कहा कि जिले में कानून व्यवस्था, यातायात व्यवस्था एवं अवैध गतिविधियों पर सख्ती से नियंत्रण रखा जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं हो।

**खास बातें**
- कलेक्टर ने ली कानून व्यवस्था और सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक

उन्होंने रेत, गिट्टी, पत्थर के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर सख्त नाराज़गी जताते हुए एसडीएम को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ कंन्नौजे ने कहा कि हाइवा और पोकलेन मशीनों के माध्यम से यदि कहीं भी अवैध खनन होता पाया जाता है तो संबंधितों पर तुरंत सख्त कार्रवाई की जाए। विशेष रूप से रात्रिकालीन अवैध उत्खनन को लेकर खनिज विभाग को कड़ी निगरानी रखते हुए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अवैध शराब के विरुद्ध भी व्यापक अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि किसी भी हालत में अवैध शराब का विक्रय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कानून व्यवस्था के मद्देनज़र भारत माता चौक के पास प्रतिबंधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

वहां किसी भी प्रकार का धरना- प्रदर्शन या पुतला दहन नहीं किया जाएगा। इसके लिए एसडीएम को पुतला दहन हेतु वैकल्पिक स्थान निर्धारित करने के निर्देश दिए गए।

## बीरमित्रपुर में बालू भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिला के पुलिस अधीक्षक अमृत पाल कौर के निर्देश पर प्रशासन ने बीरमित्र पुर एरिया में अवैध बालू भंडारण के खिलाफ व्यापक संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया।मंगलवार को हुई कार्रवाई के दौरान प्लॉट संख्या 512 एवं 565 (सलंगाबहाल), प्लॉट संख्या 1036 (सहजबहाल) तथा प्लॉट संख्या 1055 (दलकी) स्थित सरकारी भूमि पर बड़े पैमाने पर बालू का अवैध भंडारण पाया गया।

संयुक्त टीम ने विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी जमीन पर लगभग 4 लाख घन मीटर बालू की पहचान कर उसे अपनी निगरानी में ली। छापेमारी दल में बिरमित्रपुर के एसडीपीओ सुशांत दास के साथ, तहसीलदार बिरमित्रपुर तथा राउरकेला के



खनन पदाधिकारी शामिल थे।एस डी पी ओ सुशांत दास ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया की जब्त किए गए बालू के संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा संयुक्त टीम द्वारा इसकी तत्काल नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होने बताया कि सरकारी भूमि पर अवैध भंडारण और खनन के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।पुलिस, खनन व तहसील की संयुक्त कार्यवाई से बालू माफियाओ में हड़कंप मच गई है।बीरमित्र पुर की तरह ही राउरकेला समेत जिले के अन्य हिस्सों में शीघ्र कार्यवाई होगी।

## कलेक्टर ने किसान सुभाष साहू की पाम ऑयल की खेती का किया निरीक्षण

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने बरमकेला ब्लॉक के ग्राम पंचायत जामपाली में ऑयल पाम की खेती का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से चर्चा कर पाम ऑयल की खेती को आय बढ़ाने वाला बेहतर विकल्प बताया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. कन्नौजे ने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र के बड़े किसानों को पाम ऑयल की खेती के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि वैज्ञानिक पद्धति से इस फसल को अपनाया जाए तो किसानों को धान की अपेक्षा अधिक लाभ मिल सकता है। कलेक्टर ने किसानों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि पाम ऑयल की खेती के लिए विभागीय स्तर पर तकनीकी मार्गदर्शन एवं




आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने किसानों से आधुनिक खेती पद्धतियों को अपनाकर अपनी आय दोगुनी करने की दिशा में प्रयास करने कहा।ग्राम जामपाली के किसान सुभाष साहू अपने 5 एकड़ खेत में पाम ऑयल की खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस फसल से उन्हें पारंपरिक धान की खेती की तुलना में बेहतर लाभ मिलने की उम्मीद है। पिछले वर्ष उन्होंने अपने खेत में धान की फसल ली थी और अब पाम ऑयल के साथ इंटरक्रॉपिंग के रूप में बैंगन लगाने की तैयारी कर रहे हैं, जिससे अतिरिक्त आय प्राप्त हो सके।

## भाजपा की जिला की योजना बैठक में अहम फैसले

**राउरकेला।** भारतीय जनता पार्टी, राउरकेला संगठनात्मक जिला की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के संदर्भ में जिला योजना बैठक का आयोजन मंगलवार को सेक्टर-2 स्थित स्नेहनाई मंडप परिसर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पूर्णिमा केरकेटा ने की।

कार्यक्रम में राज्य के महासचिव सचिव सिमांचल खटाई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। अपने स्वागत भाषण में पूर्णिमा केरकेटा ने बैठक के उद्देश्य और महत्त्व पर प्रकाश डाला। सिमांचल खटाई ने अपने संबोधन में जिला और मंडल स्तर पर प्रशिक्षण वर्गों के आयोजन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की। जिला प्रभारी एवं राज्य कार्यकारिणी सदस्य बट किशोर मिश्र ने कार्यकर्ताओं को संगठित होकर प्रभावी ढंग से कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। राज्य प्रवक्ता धीरेंन सेनापति ने राज्य बजट तथा स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एस आई आर) विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बैठक में पूर्व बिरमित्रपुर विधायक शंकर ओराम, जिला टोली संयोजक जगबंधु बेहरा, राज्य कार्यकारिणी सदस्य प्रमिला दास, रासबिहारी प्रधान, मनोज प्रधान, पूर्व जिला सभानेत्री लतिका पटनायक, राज्य अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष गुरिंदर सिंह, पूर्व राउरकेला विधायक प्रभात महापात्र, जिला टोली सह-संयोजक नम्रता बाग, जिला सोशल मीडिया टोली संयोजक नवीन गुप्ता सहित अनेक पदाधिकारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला टोली सह-संयोजक निरंजन महांत ने किया, जबकि जिला सामान्य सचिव अभिराम महाकुड़ ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। बैठक में जिला, मंडल समिति, जिला टोली, मंडल टोली तथा अपेक्षित नेतृत्व वर्ग के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान पर बनी रणनीति

## मिलुपारा में 21 दिवसीय योग शिविर नशा मुक्ति अभियान को मिली गति




**तमनार।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड के तत्वावधान एवं आगाज संस्था के सहयोग से तमनार क्षेत्र के मिलुपारा में 21 दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया।

यह शिविर युवा जागृति (युवा संकल्प) नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में कंपनी की सीएसआर हेड रंजना नाग, नीलकंठ पटेल, आगाज संस्था की अध्यक्ष मोनिका इजारदार, राजेंद्र साहू, प्रकाश जायसवाल, जय चौहान एवं ललित राठौर उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ परिवार और समाज की प्रगति में भी बाधा उत्पन्न करता है। युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। योग शिविर का संचालन पतंजलि योगपीठ के सहयोग से किया जा रहा है। तमनार से पहुंचीं योग प्रशिक्षक गीतांजलि पटनायक ने योगाभ्यास का शुभारंभ कराया। उन्होंने संतोषी सिदार के साथ मिलकर प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। योग प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योग से शारीरिक एवं मानसिक संतुलन बना रहता है और नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहने में सहायता मिलती है। शिविर में 122 से अधिक युवा, बच्चे एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस पहल को समाज के लिए उपयोगी बताते हुए निरंतर ऐसे आयोजन की आवश्यकता जताई। आयोजकों के अनुसार 21 दिनों तक चलने वाले इस शिविर में प्रतिदिन योग सत्र, जागरूकता कार्यक्रम और प्रेरणादायक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। योगाभ्यास के पश्चात प्रतिभागियों को अंकुरित चना, मूंग और खजूर जैसे पौष्टिक आहार का वितरण भी किया जा रहा है, ताकि स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिल सके। यह अभियान क्षेत्र में नशा मुक्ति और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है।



## भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनने पर ओमप्रकाश का हुआ स्वागत

**चंद्रपुर।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ बुनकर प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी में नगर पंचायत चंद्रपुर के अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन को सदस्य के रूप में मनोनीत किए जाने पर नगर में हर्ष का माहौल है।

इस महत्वपूर्ण दायित्व मिलने पर देवांगन समाज चंद्रपुर, देवांगन समाज शशीपुर के माननीय सदस्यों तथा चंद्रपुर में संचालित विभिन्न बुनकर समितियों के अध्यक्षों एवं पदाधिकारियों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर ओमप्रकाश का अभिनंदन किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। समाज के सदस्यों ने कहा कि ओमप्रकाश देवांगन लंबे समय से सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहे हैं और उनके प्रदेश बुनकर कार्यकारिणी सदस्य बनने से न केवल देवांगन समाज बल्कि पूरे क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में बुनकर समाज की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल की जाएगी तथा समाज के हित में सकारात्मक कार्य होंगे। नव मनोनीत प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश देवांगन ने इस अवसर पर उपस्थित सभी माननीय सदस्यों, समाज के वरिष्ठजनों एवं बुनकर समिति के पदाधिकारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि बुनकर समाज के विकास, उनके अधिकारों की रक्षा तथा उनकी समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिए वे निरंतर कार्य करते रहेंगे।

## एनएच-320डी निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**राउरकेला ।** बंडामुंडा क्षेत्र में एनएच-320डी के निर्माण कार्य में तेजी देखी जा रही है। इसी क्रम में भाजपा बंडामुंडा मंडल अध्यक्ष ने फुलबारी स्कूल के समीप चल रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों से मुलाकात कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता, सड़क पर उड़ने वाली धूल तथा किनारे लगे पुराने बिजली पोल से उत्पन्न हो रही बाधाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। स्थानीय लोगों को धूल से हो रही परेशानी को गंभीरता से लेते हुए लखन लोहार ने अधिकारियों को नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराने, निर्माण सामग्री को ढककर रखने तथा आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि धूल नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम तत्काल उठाए जाएंगे। इसके अलावा, पुराने बिजली पोल के कारण निर्माण कार्य में आ रही रुकावटों को संबंधित विभाग के समक्ष रखा गया है। विभागीय समन्वय के माध्यम से शीघ्र समाधान निकालने का भरोसा दिया गया, ताकि कार्य बिना बाधा के आगे बढ़ सके। मौके पर भाजपा के कई नेताओं सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से अपील की है कि निर्माण कार्य तय समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सके और धूल व अन्य समस्याओं से शीघ्र राहत प्राप्त हो।

- धूल नियंत्रण, गुणवत्ता व बाधाओं के शीघ्र समाधान पर जोर

## ब्राह्मणी नदी तट से निकली भव्य कलश यात्रा

# पंचमुखी हनुमान व शिवालय प्राण प्रतिष्ठा उत्सव शुरू

**राउरकेला।** पानपोष स्थित जगन्नाथ कॉलोनी में पंचमुखी हनुमान एवं शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का शुभारंभ बुधवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः ब्राह्मणी नदी तट स्थित हनुमान मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा के साथ हुई।हनुमान घाट पर बनारस से पधारे आचार्य ने विधि-विधान से मंत्रोच्चार कर कलश में पवित्र जल भरवाया। इसके बाद 125 महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर शोभायात्रा में भाग लिया।

ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों से पूरा मार्ग भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।कलश यात्रा हनुमान घाट से निकलकर पानपोष चौक, मुख्य मार्ग, रेलवे अंडरपास और पानपोष अस्पताल होते हुए जगन्नाथ कॉलोनी स्थित नवनिर्मित मंदिर परिसर पहुंची, जहां



इसका समापन हुआ। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। धार्मिक उत्साह से सराबोर इस आयोजन के साथ ही चार दिवसीय हनुमत सह शिव प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ विधिवत आरंभ हो गया।यह संपूर्ण अनुष्ठान श्री श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के तहत 25 फरवरी (प्रथम दिवस) भव्य कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का शुभारंभ हुआ।26 फरवरी (गुरुवार) को प्रातः 9 बजे से यज्ञ आरंभ है और पंचांग पूजन, अरणि मंथन एवं जलाधिवास जैसे वैदिक अनुष्ठान संपन्न होंगे।27 फरवरी (शुक्रवार) को प्रातः 9 बजे आवाहित देवताओं का पूजन (देव स्नपन) व संध्या 4 बजे से नगर भ्रमण कार्यक्रम है।28 फरवरी (शनिवार)

प्रातः 9 बजे से विशेष पूजन एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साथ दोपहर 1:30 बजे से भंडारा (प्रसाद वितरण) लगेगा। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में ट्रस्ट के चेयरमैन, अध्यक्ष व सभी सदस्य सक्रिय योगदान दे रहें हैं।प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को लेकर क्षेत्र में श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बना हुआ है। श्रद्धालुओं में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

## इब नदी घाटी से मध्य व उत्तर पाषाण युग के महत्वपूर्ण अवशेष प्राप्त

**सुंदरगढ़।** ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले से प्रागैतिहासिक मानव सभ्यता से जुड़ी एक अत्यंत महत्वपूर्ण खोज सामने आई है। शोधकर्ताओं के अनुसार, आज से लगभग 10 हजार से 40 हजार वर्ष पूर्व इस क्षेत्र में मानव जीवन सक्रिय था। इब नदी घाटी से मध्य पाषाण युग और उत्तर पाषाण युग के अनेक अवशेष प्राप्त हुए हैं, जो उस कालखंड में मानव बसावट के स्पष्ट प्रमाण प्रस्तुत करते हैं।

यह महत्वपूर्ण शोध कार्य सुंदरगढ़ स्वायत्त महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा किया गया। विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. साकिर हुसैन के मार्गदर्शन में सात स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की टीम ने दो वर्षों तक विस्तृत पुरातात्त्विक सर्वेक्षण चलाया। यह सर्वेक्षण इब नदी घाटी के बालिजोरी क्षेत्र तथा सुंदरगढ़ सदर ब्लॉक के बलदमाल इलाके में किया गया। सर्वेक्षण के दौरान शोधकर्ताओं को पत्थर से निर्मित शिकार के हथियार, नुकीले औजार, काटने-घिसने के उपकरण और दैनिक उपयोग की वस्तुएं मिलीं। इन अवशेषों से स्पष्ट संकेत मिलता है कि उस समय के मानव शिकार, भोजन संग्रहण और प्रारंभिक औजार निर्माण तकनीक में दक्ष थे। डॉ. हुसैन के अनुसार, यदि इन स्थलों पर वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित उत्खनन किया जाए तो उस युग के मानव जीवन, उनकी सामाजिक संरचना, रहन-सहन और तकनीकी विकास के बारे में और अधिक ठोस जानकारी प्राप्त हो सकती है। उन्होंने बताया कि जिले के अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे अवशेष मिलने की संभावना है और आगे भी सर्वेक्षण कार्य जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने सुंदरगढ़ जिले के हेमगिर ब्लॉक स्थित कनिका ब्राह्मणीगांव के निकट 'छेंगापहाड़' को देश की 90 दुर्लभ भू-धरोहरों में शामिल किया था।



# भूत बंगला से सामने आया अक्षय का नया लुक...

**मुंबई।** अक्षय कुमार की आगामी फिल्म 'भूत बंगला' अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के जरिए अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की हिट जोड़ी 16 साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है। मंगलवार को मेकर्स ने फिल्म का एक नया मोशन पोस्टर जारी किया है। मेकर्स की ओर से जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर में अक्षय कुमार एक डरावने सिंहासन पर बैठे नजर आ रहे हैं। इस सिंहासन पर डरावने भूतों के सिर बने हुए हैं, जो मुंह फैलाते नजर आ रहे हैं।आंखों पर काला चश्मा लगाए अक्षय अपने गले और हाथों में कई रुद्राक्ष और अन्य मालाएं पहने हुए हैं।

लाइफ Style




# तमन्ना
## खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड किया लॉन्च

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तमन्ना भाटिया ने हाल ही में अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड 'तमन्ना फाइन जूलरी' लॉन्च किया है। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह ने कहा- अगर आप शार्क टैंक इंडिया में होतीं तो मैं अपने सारे निवेश आपके ब्रांड में लगा देती।'

बॉलीवुड में ऐसे सितारों की कोई कमी नहीं जो एक्टिंग के साथ-साथ अलग-अलग तरह के बिजनेस में भी अपनी पहचान बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में तमन्ना भाटिया ने भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है, जिसमें उन्होंने 'तमन्ना फाइन जूलरी' नाम से अपना खुद का प्रीमियम जूलरी ब्रांड लॉन्च किया है। हाल ही में एक बातचीत में तमन्ना ने भारत में कई सेलिब्रिटी-आधारित ब्रांड की असफलता पर बात करते हुए कहा कि खुद को वैसी असफलता से बचाने के लिए अपने ब्रांड के साथ शुरू से अंत तक गहराई से जुड़ी रहने के लिए तैयार हैं। 'शुगर' कॉस्मेटिक्स की सीईओ और को-फाउंडर विनीता सिंह के पॉडकास्ट पर बातचीत करते हुए तमन्ना ने कहा, 'मैं खुद को एक सेलिब्रिटी के रूप में नहीं देखती जो ब्रांड बना रही है। मैं खुद को एक फाउंडर के रूप में देखती हूं, जो इस ब्रांड को खड़ा करने की कोशिश कर रही है। कोई भी सिर्फ मेरे चेहरे के लिए इस तरह के महंगे उत्पाद में पैसा नहीं लगाएगा। मैं प्रॉडक्ट के प्रति ईमानदार हूं और अगर मेरा मकसद सिर्फ पैसा कमाना होता तो मैं कोई और कैटिगरी चुन सकती था। मैं इसकी जगह कोई ऐसा प्रॉडक्ट बना सकती थी जो बहुत फेमस होता और लोगों को खूब बिकता।'

हॉलीवुड मसाला



# अभिनय की दुनिया से खास नाता

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर एक्टर रॉबर्ट कैराडाइन ने 71 वर्ष की आयु में अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। 'रिवेंज ऑफ द नड्‌र्स 'और 'लिजी मैकगायर' ने एक्टर को काफी पॉपुलर कर दिया था। रॉबर्ट अपने मानसिक स्वास्थ से काफी समय से जूझ रहे थे। रॉबर्ट कैराडाइन घर के सबसे छोटे बेटे थे। उनके पिता जॉन कैराडाइन एक मशहूर अमेरिकी अभिनेता थे। एक्टर के परिवार के ज्यादातर सदस्य फिल्मी दुनिया का हिस्सा रहे हैं। 1972 में जॉन वेन के साथ फिल्म 'द काउबॉयज' के साथ अपने अभिनय की शुरुआत की थी।




# इंडिया में परफॉर्म करने के लिए तैयार शकीरा...

**लॉस एंजिल्स।** ग्लोबल स्टार शकीरा इस साल भारत में फिर से एक बार शानदार परफॉरमेंस देने वाली हैं। इस बात की पुष्टि होने के बाद उनके फैंस काफी ज्यादा एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। उन्होंने पिछली बार 2007 में इंडिया में परफॉर्म किया था। अब 19 साल बाद फिर से शकीरा अपना जलवा बिखेरने इंडिया आ रही हैं। लैटिन पॉप की ग्लोबल स्टार शकीरा इस अप्रैल भारत में लगभग 19 साल बाद धमाकेदार वापसी करने जा रही हैं। दिल्ली और मुंबई में शकीरा का कॉन्सर्ट होने वाला है। 2007 में अपने 'ऑरल फिक्सेशन टूर' के दौरान मुंबई में यादगार शो करने के बाद यह उनका पहला बड़ा कॉन्सर्ट होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनका दिल्ली कॉन्सर्ट 15 अप्रैल 2026 को होने की संभावना है, हालांकि आयोजक जल्द ही इसकी आधिकारिक तारीख की घोषणा करेंगे।



# ईशा की इश्कां दे लेखे का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** भारतीय एक्ट्रेस , मॉडल, डांसर, लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और बिग बॉस 17 फेम ईशा मालवीय की पहली फिल्म 'इश्कां दे लेखे' का ऑफिशियल ट्रेलर सोमवार को रिलीज कर दिया गया। एक्ट्रेस रोमांटिक पंजाबी फिल्म से बड़े पर्दे पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। चैनल ने मूवी का ट्रेलर रिलीज करते हुए डिस्क्रिप्शन में लिखा, 'एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए! स्पीड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत करता है 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित पंजाबी प्रेम कहानी 'इश्कां दे लेखे' का ट्रेलर। शानदार गुरनाम भुल्लर और खूबसूरत ईशा मालवीय अभिनीत यह पंजाबी फिल्म उन सभी लोगों के लिए बनाई गई है, जिन्होंने कभी दिल से प्यार किया है।' मनवीर बरार की निर्देशित, 'इश्कां दे लेखे' बड़े पर्दे पर पंजाबी रोमांस को एक नई परिभाषा देने के लिए तैयार है।



# राजामौली-महेश में हुआ झगड़ा...

**मुंबई।** रामगोपाल वर्मा ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट पर एक वीडियो मंगलवार को पोस्ट किया। इस वीडियो में बाहुबली फेम डायरेक्टर एसएस राजामौली और साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू जमकर लड़ रहे हैं। एक-दूसरे को पटपटकर मार रहे हैं। आखिर दोनों ऐसा क्यों कर रहे हैं। और इस बात को लेकर क्यों रामगोपाल वर्मा कह रहे हैं कि सिनेमा मर चुका है। दरअसल यह वीडियो किसी ने एआई से बनाया है। यह वीडियो बिल्कुल रियल और मजेदार लग रहा है। लेकिन एक निर्देशक होने के नाते रामगोपाल वर्मा को यह बात पसंद नहीं आई है। सिनेमा में एआई के ऐसे दखल से वह शायद नाराज हैं, इस वजह से उन्होंने पोस्ट में लिखा- सिनेमा मर चुका है। रामगोपाल वर्मा से पहले कई डायरेक्टर्स ने सिनेमा में एआई के इस्तेमाल पर सवाल किए।

टीवी मसाला



# कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है सूबेदार : अनिल

**मुंबई।** अनिल कपूर की मच-अवेटेड फिल्म 'सूबेदार' अमेजन प्राइम वीडियो पर प्रीमियर के लिए तैयार है। सोमवार को मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च हुआ। इस मौके पर अनिल कपूर ने 'सूबेदार' में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया।अनिल कपूर ने कहा, 'यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। यह रोल मेरे लिए मेरे कॅरियर के सबसे चैलेंजिंग रोल में से एक है। मैंने इसे हमेशा की तरह पूरे दिल और जान से किया है। मैंने अपनी तरफ से कड़ी मेहनत की है। जैसा कि मैं हमेशा करता हूं। मुझे उम्मीद है कि आपको यह फिल्म और हमारा काम पसंद आएगा।' ट्रेलर में दिखाया गया है कि अनिल कपूर एक रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर के रोल में हैं। वह एक शहर में आते हैं, जहां गुंडाराज चल रहा है। मोना सिंह एक माफिया यानी दीदी के रोल में हैं। उसका एक भाई है, जो लोगों पर जुल्म करता है। एक दिन वह अनिल कपूर की बेइज्जती कर देता है। उसके बाद एक्शन शुरू होता है। सूबेदार एक एक्शन फिल्म है। इसका निर्देशन सुरेश त्रिवेणी ने किया है। इसमें अनिल कपूर के अलावा मोना सिंह, राधिका मदान, सौरभ शुक्ला, मोना सिंह, आदित्य रावल, फैजल मलिक और खुशबू सुंदर भी हैं। यह फिल्म 5 मार्च को स्ट्रीम होगी। सूबेदार के अलावा अनिल कपूर कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। वह पिछले साल फिल्म 'वॉर 2' में नजर आए थे।

## शादी की चर्चा के बीच दुबई में नजर आईं तान्या



**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 फेम तान्या मित्तल हाल ही में लहंगे की शॉपिंग करती नजर आईं। जिसके बाद उनकी शादी को लेकर अटकलें लगनी लगीं। इसी बीच अब वह दुबई में हैं। एक वीडियो भी तान्या मित्तल ने साझा किया है। तान्या मित्तल ने रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' में दर्शकों का खूब मनोरंजन किया था। अपनी अमीरी के किस्से वह शो में सुनाया करती थीं। हाल ही में वह दिल्ली के चांदनी चौक में लहंगे खरीदती दिखीं। लाल रंग का लहंगा भी तान्या से ट्राई किया। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर मौजूद है। इसके बाद ही तान्या मित्तल के फैंस को लगा कि वह शादी करने वाली हैं। दुबई का वीडियो देखकर भी तान्या से फैंस ने पूछा कि वह अपने दूल्हे से कब मिलवा रही हैं। तान्या मित्तल अक्सर कहती हैं कि वह काफी अमीर हैं। लेकिन कई लोगों को लगता है कि वह झूठ बोलती हैं। लेकिन सोमवार को तान्या ने दुबई का एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह एक आलीशान होटल में ठहरी हैं और काफी महंगा ब्रेकफास्ट कर रही हैं।

# शहंशाह अकबर के रोल के लिए नंगे पैर गर्म रेत पर चलते थे पृथ्वीराज कपूर

*नई दिल्ली। पृथ्वीराज कपूर के पोते जतिन कपूर ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'मुगल-ए-आजम' में मशहूर 'शहंशाह वाली चाल' के पीछे की दिलचस्प और प्रेरणा देने वाली कहानी बताई। उन्होंने बताया कि फिल्म में मशहूर एक्टर की चाल पूरी लगन और लगातार प्रैक्टिस से पूरी हुई। पृथ्वीराज कपूर के लगन के बारे में बताते हुए जतिन ने कहा, 'फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में, पहले ही सीन में शहंशाह को तपती रेगिस्तान की रेत में नंगे पैर चलते हुए दिखाया गया है। उस वॉक के लिए, मेरे नानाजी पृथ्वीराज कपूर ने बहुत रिहर्सल की थी। मुंबई की गर्मी में वह मुंबई के जुहू बीच पर 300 से 400 मीटर तक गर्म रेत पर नंगे पैर चलने की प्रैक्टिस करते थे।'*



### ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए

अपने नानाजी के पैशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'पृथ्वीराज कपूर ने अपनी ज़िंदगी में कई शानदार रोल किए। उनकी तैयारी के पीछे की कहानियां भी उतनी ही शानदार हैं। जो इंसान अपने काम से सच्चा प्यार करता है और उसके लिए पैशन रखता है, वह किसी भी हद तक जा सकता है। उन्होंने अपने काम के प्रति अपने प्यार और डेडिकेशन के लिए अपने पैरों की कुर्बानी दे दी। अपना नोट खत्म करते हुए, जतिन ने कहा, 'सुनने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद. मैं आप सभी का शुक्रगुजार हूं. मैं हमेशा रहूंगा।

### चप्पल पहनने से मना कर दिया

उन्होंने आगे बताया, 'जब सीन आखिरकार शूट हुआ, तो वह बिल्कुल वैसा ही था जैसा बताया गया था। यहां तक कि क्लोज-अप शॉट्स में भी, जहां उनके पैर नहीं दिख रहे थे। उन्होंने चप्पल पहनने से मना कर दिया। वह पूरी तरह असली दिखना चाहते थे। वॉक को फाइनल करने के प्रोसेस के बारे में बात करते हुए, जतिन ने कहा, कई दिनों तक प्रैक्टिस करने के बाद, उन्होंने पृथ्वी थिएटर के अपने कुछ साथियों को बुलाया और उन्हें अपनी वॉक देखने के लिए वहां खड़ा कर दिय। वह बार-बार चलते रहे, जब तक किसी ने यह नहीं कहा कि अब ऐसा नहीं लग रहा कि पृथ्वीराज कपूर चल रहे हैं, बल्कि खुद शहंशाह चल रहे हैं। तभी उन्होंने वह चाल ठीक की।

# अमिताभ ने दिखाई कल्कि 2 के सेट की तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने 83 साल की उम्र में भी काफी एक्टिव हैं। उन्होंने अब नाग अश्विन की फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल के लिए शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म 'कल्कि' में अमिताभ बच्चन पौराणिक किरदार अश्वत्थामा के रोल में दिखे थे। अब अमिताभ ने 'कल्कि 2' की शूटिंग शुरू कर दी है अमिताभ बच्चन ने 'कल्कि 2' के सेट से अपनी कई शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में से एक में वो कमल हासन से गले लगते दिख रहे हैं। पर्दे के पीछे की इन तस्वीरें को शेयर करते हुए उन्होंने 40 साल बाद कमल हासन के साथ फिर से काम करने पर खुशी जाहिर की है। इस बार अमिताभ करीब चार दशकों के बाद एक कमल हासन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। अमिताभ ने इन झलकियों को शेयर करते हुए लिखा है, 'और महान कमल हासन से मुलाकात... हम सालों बाद साथ काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आखिरी बार फिल्म 'गिरफ्तार' में दोनों ने साथ काम किया था। यानी साफ है कि पिछली फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों एक्टर की मुलाकात नहीं हो पाई। अमिताभ ने फिल्म को




लेकर कहा है, 'कल्कि 2 ने काम शुरू कर दिया है... और रविवार को उनकी उपस्थिति की प्रतीक्षा में हमेशा प्यार और स्नेह को संजो कर रखेंगे... लेकिन उम्मीद है कि आने वाले रविवार को हम सभी के साथ होंगे।' यहां बता दें कि इस शूटिंग की वजह से पिछले रविवार को अमिताभ अपने फैन्स से मिलने घर से बाहर नहीं निकले थे और बरसों की परंपरा टूट गई।

## परिवार को नहीं था मंजूर संगीत का रास्ता

# 6 रुपए में गाया पहला गाना, दर्द भरी आवाज से जीता देश का दिल

*नई दिल्ली। भारतीय फिल्म संगीत की दुनिया में कुछ आवाजें समय के साथ पुरानी नहीं पड़तीं, बल्कि और गहरी होती चली जाती हैं। ऐसी ही दिल को छू लेने वाली आवाज थी तलत महमूद की। उनकी गायकी में दर्द भी था, मिठास भी थी, और शायरी की खूबसूरती भी, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि जिस आवाज ने लाखों लोगों के दिल जीते, कभी उसी आवाज को अपने पहले गाने के लिए सिर्फ छह रुपए मिले थे। तलत महमूद का जन्म 24 फरवरी 1924 को लखनऊ में एक रूढ़िवादी मुस्लिम परिवार में हुआ था। उनके परिवार में संगीत को अच्छा पेशा नहीं माना जाता था, लेकिन बचपन से ही तलत को गाने का शौक था। वे रात-रात भर चलने वाले संगीत कार्यक्रमों में बैठते और बड़े गायकों को ध्यान से सुनते थे। कम उम्र में ही उनकी आवाज में एक अलग तरह की मिठास थी. यही मिठास आगे चलकर उनकी पहचान बनी।*



### मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे

उन्होंने ऑल इंडिया रेडियो, लखनऊ से गाना शुरू कर दिया। वे मीर और दाग जैसे शायरों की गजलें गाते थे। साल 1941 में उनका पहला गाना रिकॉर्ड हुआ। यह गाना ग्रामोफोन कंपनी एचएफवी के लिए था और इसके बदले उन्हें महज 6 रुपए मेहनताना मिला था। आज के समय में यह रकम बहुत छोटी लगती है, लेकिन उसी छोटे से भुगतान ने एक बड़े सफर की शुरुआत की। उनकी आवाज इतनी पसंद की गई कि लोग उनसे और गानों की मांग करने लगे।

### कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया

1944 में उनका गाना 'तस्वीर तेरी दिल मेरा बहला न सकेगी' काफी लोकप्रिय हुआ। इसके बाद वे कलकत्ता चले गए, जहां उन्होंने कुछ फिल्मों में अभिनय भी किया और गाने भी गाए। उस दौर में वे 'तपन कुमार' नाम से भी गाते थे। 1949 में वे मुंबई आ गए और यहीं से उनका असली सुनहरा दौर शुरू हुआ। 1950 और 1960 के दशक में वे हिंदी फिल्मों के सबसे पसंदीदा गायकों में गिने जाने लगे। उनके गाने इतना न मुझसे तू प्यार बढ़ा, फिर वही शाम, वही गम, ये हवा ये रात, मिलते ही आंखें दिल हुआ दिवाना और तस्वीर बनाता हूं जैसे गाने लोगों के दिलों में उतर गए।



### पद्म भूषण से हुए सम्मानित

उन्हें 1992 में भारत सरकार ने पद्म भूषण से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके लंबे और शानदार योगदान की पहचान था। उन्होंने लगभग चार दशकों तक गाया और सैकड़ों गीतों को अपनी आवाज दी। 9 मई 1998 को 74 साल की उम्र में उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी आवाज आज भी रेडियो, टीवी और संगीत प्रेमियों के दिलों में जिंदा है।

### दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी

उनकी आवाज अभिनेता दिलीप कुमार पर खास तौर पर जंचती थी। उन्होंने दिलीप कुमार के लिए कई गानों में आवाज दी, जिनमें 'हमसे आया न गया', ऐ दिल मुझे ऐसी जगह ले चल, हम दर्द के मारों का, कोई नहीं मेरा इस दुनिया में और सीने में सुलगते हैं अरमां जैसे गाने शामिल हैं। तलत महमूद की खास बात यह थी कि वे गानों के बोल को बहुत ध्यान से पढ़ते थे। अगर उन्हें शब्द अच्छे नहीं लगते तो वे गाना गाने से मना कर देते थे। हालांकि, समय के साथ संगीत का रुख बदला और तेज, ऊंची आवाज वाले गीत ज्यादा पसंद किए जाने लगे। इससे उनका कॅरियर थोड़ा धीमा पड़ गया, लेकिन उनकी पहचान कभी कम नहीं हुई।

## खबर संक्षेप



### आराधना बनी सिपाही उत्तरकाशी में तैनाती

**पुसौर**। एक गांव की बेटी देश के डिफेंस सेक्टर में जाने के लिए अपने को इतना मजबूत और सक्षम बनाया कि उसमें उसे सफलता मिली। ग्रामीण क्षेत्र में रहकर मिले यह सफलता निसंदेह उस बेटी और उसके परिवार के लिए जहां खुशी के क्षण हैं वहीं क्षेत्र के लोगों के लिये यह प्रेरणादायी है। जानकारी के मुताबिक सरिया सांकरा निवासी राम पातर एवं लता पातर की बेटी आराधना पातर ने इस उपलब्धि को हासिल की जिसका सम्मान समारोह उनके ग्राम सांकरा में बडे भव्यता के साथ आयोजन हुआ। इस उपलब्धि को लेकर आराधना पातर बताते हैं कि इस नियुक्ति के लिए शैक्षणिक योग्यता उतना मायने नहीं रखता जितना की शारीरिक दक्षता एवं संबंधित प्रशिक्षण। प्रशिक्षण के लिए इन्होंने नियुक्ति पाने के बाद देश के तिब्बत बार्डर में प्रशिक्षण संपन्न होने के बाद इनकी तैनाती उत्तरखंड उत्तरकाशी में है। इनके परिजन चंदन प्रधान जो कि पुसौर के प्रमुख व्यवसायी है इन्होंने बताया कि इनकी प्रारंभिक शिक्षा ग्राम सांकरा में हुई और सरिया के कालेज में स्नातक पूर्ण करने के बाद यह मुकाम हासिल किया।

### कौशल विकास के लिए आज होगी काउंसलिंग

**सारंगढ़**। जिला कौशल विकास प्राधिकरण सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा 18 वर्ष या अधिक उम्र के युवा को निशुल्क ट्रेनिंग दिया जाएगा, जिसके लिए 26 फरवरी को काउंसलिंग की जाएगी। इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक सॉल्यूशंस सहायक इलेक्ट्रिशियनकोर्स के लिए दसवीं उत्तीर्ण युवा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सारंगढ़ में और डीटीपी कंप्यूटर कोर्स के लिए 12 उत्तीर्ण युवा केपी युवा कौशल प्रशिक्षण केंद्र बंधापाली बरमकेला रोड में शामिल हो सकते हैं। इसी प्रकार 8वी उत्तीर्ण युवा, इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक सॉल्यूशंस और एसी फील्ड टेक्निशियन के कोर्स के लिए आईटीआई सरिया में आयोजित काउंसलिंग में शामिल हो सकते हैं।

### खरीदी के लिए पंजीयन 28 तक

**सारंगढ़**। जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना (पीएम आशा) योजना अंतर्गत प्राईस सपोर्ट स्कीम के तहत किसानों का पंजीयन समितियों के माध्यम से ई समयुक्ति पोर्टल में किया जा रहा है। योजनान्तर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में क्रमशः अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सोयाबीन तथा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में क्रमशः चना, मसूर एवं सरसों फसलों की बुआई करने वाले कृषक अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के माध्यम से सेवा सहकारी समितियों में आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड में रजिस्टर्ड मोबाईल नंबर साथ लेकर अपना पंजीयन कराएं। इस योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य जिसमें खरीफ फसल अरहर 8000 रूपए, मूंग 8768 रूपए, उड़द 7800 रूपए. मूंगफली 7263 रूपए. सोयाबीन 5328 रूपए एवं रबी फसल चना 5875 रूपए, मसूर 7000 रूपए, एवं सरसों 6500 रूपए, न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल तय किया गया है।

### हटाए गए कोसीर क्लस्टर में पदस्थ पीआरपी

**सारंगढ़**। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) योजना के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए सारंगढ़ जिला के कोसीर क्लस्टर में पी आर पी की नियुक्ति की गई थी। पिछले कुछ दिनों में उनके क्रिया कलाप से विहान समूह की महिलाओं को प्रताड़ना झेलनी पड़ी। अपने क्लस्टर के प्रमुख पी आर पी श्रीमती धीवर के व्यवहार और प्रताड़ना के कारण कोसीर क्षेत्र के जनपद सदस्य श्रीमती हीरा भैरव नाथ जाटवर ने जिला में विभाग को पी आर पी की गतिविधियों को लेकर महिलाओं के पक्ष में आवेदन दिए थे जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। 20 फरवरी को सारंगढ़ जनपद पंचायत के सभी सदस्य एवं अध्यक्ष तथा सारंगढ़ विधायक पी आर पी को हटाने के लिए धरने पे बैठ गए थे।

प्रधानमंत्री आवास की मजदूरी में बड़ा खेल

# पीएम आवास की मजदूरी दूसरे के खाते में जमा, हटाई गई रोजगार सहायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वाकांक्षी और गरीब हितग्राहियों से जुड़ी योजना में मजदूरी राशि के भुगतान में गंभीर गड़बड़ी का मामला सामने आया है। चंद्रपुर से महज 4 किलोमीटर दूर जनपद पंचायत डभरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पलसदा में हड़कंप मच गया है। ज्ञात रहे ग्राम पंचायत पलसदा के हितग्राही सुशीला, कन्हैया, गंगाबाई और छेदीलाल ने लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि उनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास निर्माण में किए गए कार्य की मजदूरी राशि उनके बैंक खातों में जमा करने के बजाय किसी अन्य व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर कर दी गई।

इस गंभीर शिकायत के बाद जनपद पंचायत और जिला पंचायत प्रशासन हरकत में आया और तत्काल कार्रवाई करते हुए ग्राम रोजगार सहायक प्रभावती निषाद से प्रभार वापस लेकर उन्हें जनपद पंचायत कार्यालय में सलंग्न कर दिया गया है। हितग्राहियों का आरोप है कि उन्होंने आवास निर्माण कार्य में श्रम किया, लेकिन जब मजदूरी भुगतान की जानकारी ली तो पता चला कि राशि उनके खाते में आई ही नहीं है। इससे योजना के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही और संभावित वित्तीय अनियमितता की आशंका गहरा गई है। हितग्राहियों के हक की राशि दूसरे खाते में जाना प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। वही मामले की गंभीरता को देखते हुए जनपद पंचायत डभरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने तत्काल आदेश जारी करते हुए प्रभावती निषाद को कार्यालय अटैच कर दिया है, ताकि जांच प्रभावित न हो और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो सके।



ग्राम पंचायत पलसदा।

#### दूसरे रोजगार सहायक को प्रभार

ग्राम पंचायत पलसदा के कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए ग्राम पंचायत चंदली के रोजगार सहायक चैतन प्रसाद निषाद को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वे आगामी आदेश तक पलसदा पंचायत के रोजगार एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े सभी कार्यों का संचालन करेंगे। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना में मजदूरी राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है, ऐसे में राशि का दूसरे खाते में जाना गंभीर लापरवाही या अनियमितता की ओर संकेत करता है। प्रशासन अब भुगतान से जुड़े सभी दस्तावेजों और बैंक विवरणों की बारीकी से जांच कर रहा है।



## नर्सिंग कॉलेज के रूप में जुड़ी विकास की एक और कड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट प्रस्तुत करते हुए सरिया क्षेत्र में नर्सिंग कॉलेज की सौगात देने से सरिया में आज होली दीपावली जैसे माहौल में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। नगर के अटल चौक में शाम 7 बजे आतिशबाजी के साथ मुंह मीठा कर कार्यकर्ता एवं आम नागरिकों ने जश्न मनाया और वित्त मंत्री ओपी चौधरी को धन्यवाद दिया।

छत्तीसगढ़ शासन के बजट 2025-26 में सरिया क्षेत्र को नर्सिंग कॉलेज की महत्वपूर्ण सौगात प्रदान करने हेतु छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी का हृदय से आभार किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह नर्सिंग कॉलेज न केवल सरिया बल्कि पूरे आसपास के ग्रामीण अंचल के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि सिद्ध होगा। इससे क्षेत्र की बेटियों एवं युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा तथा स्थानीय स्तर पर ही रोजगार और प्रशिक्षण के नए अवसर उपलब्ध होंगे। साथ ही, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सकारात्मक सुधार आएगा।

## अविनाश की स्मृति में आयोजित भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु

**पुसौर**। ग्राम सुलोनी में प्रमुख आयोजक नरसिंह पटेल व गंगा पटेल के अगुवाई में उनका परिवार, बंधु व ग्रामीणों की उपस्थिति में 17 फरवरी से भागवत कथा का अविरल प्रवाह निर्बाध गति से चल रहा है। जिसमें श्रद्धालुओं का अंत्यत अनुपम जुडाव सामने आये हैं कथा व्यास पुर्णचंद्र वैष्णव एवं उनकी टीम उपस्थित लोगों को नाटकीय मुद्रा के साथ साथ सस्वर भागवत कथा का रसास्वादन करा रहे हैं। जिसके फलस्वरूप कथा पंडाल आए दिन भरा रहा और श्रद्धालुओं के चेहरे में भक्ति भाव का संचार होता रहा।

ग्राम सुलोनी भागवत कथा की वजह से इन दिनों जहां पुसौर क्षेत्र में लोगों के जेहन में रहा वहीं समुचा सुलोनी मेले में तब्दील रही ऐसे स्थिति में ग्राम कोटवार विश्णुचरण चैहान एवं उनके टीम के लोगों ने लोगों को बैठक सहित अन्य सुविधा दिलाने में कारगर रहे। ज्ञात हो कि समुचा भागवत कथा को मुर्तरूप देने परिवार जनों के साथ साथ गुलषन पटेल का महत्वपूर्ण भूमिका रहा। बताया जाता है कि अविनाश पटेल का असमय निधन हो गया था जिसके बरसी के अवसर पर उनके स्मृति में यह आयोजन हुआ। उल्लेखनीय है कि कथा प्रसंगों के मुताविक कलश स्थापना से लेकर गोकर्ण उपख्यान, परिक्षित जन्म, कपिल उपाख्यान, भगवान कृशण का जन्म व उनका चरित्र वर्णन, 56 भोग प्रसाद समर्पण, रूक्मिणी विवाह, सुदामा चरित्र के साथ सुकदेव का अंतिम उपदेष तथा हवन आदि के साथ कलस विसर्जन पर्यन्त लगातार 10 दिन तक यह कार्यक्रम होगा।



## सरिया क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन कर रहे 12 वाहनों को संयुक्त टीम ने किया जब्त

■ दो दिन तक चलाया गया विशेष अभियान

**बरमकेला**। सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिले में अवैध रेत परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने लगातार अभियान चलाया। सरिया तहसीलदार कोमल प्रसाद साहू और थाना प्रभारी प्रमोद कुमार यादव के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने 24-25 फरवरी को विशेष अभियान चलाकर 12 वाहनों पर कार्रवाई की।

24 फरवरी देर शाम तक चला अभियान, 3 ट्रैक्टर जब्त 24 फरवरी को शाम ढलने के बाद भी टीम पूरी तरह सक्रिय रही। अवैध रेत परिवहन पर नजर रखते हुए संयुक्त टीम ने 3 ट्रैक्टरों को पकड़ा। दस्तावेजों की जांच में अनियमितता पाए जाने पर वाहनों को जब्त कर थाना सरिया के सुपुर्द किया गया। देर शाम तक जारी इस कार्रवाई ने साफ कर दिया कि प्रशासन अब अवैध गतिविधियों पर चौबीसों घंटे निगरानी रख रहा है और किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी। अगले ही दिन 25 फरवरी को तड़के ही संयुक्त टीम ने औचक जांच शुरू कर दी। सुबह-सुबह की गई इस सघन कार्रवाई में 9 और वाहनों पर कार्रवाई की गई। इस प्रकार मात्र दो दिनों में 12 वाहनों पर शिकंजा कसते हुए प्रशासन ने अवैध रेत कारोबार के खिलाफ अपनी सख्त मंशा स्पष्ट कर दी। यह कार्रवाई इस बात का प्रमाण है कि अब अभियान केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि परिणाम आधारित है। तहसीलदार और थाना प्रभारी की सजगता की हो रही सराहना लगातार दो दिनों तक फील्ड में सक्रिय रहकर कार्रवाई करना प्रशासन की गंभीरता को दर्शाता है। तहसीलदार कोमल प्रसाद साहू और थाना प्रभारी प्रमोद कुमार यादव की मुस्तैदी, सतर्कता और त्वरित निर्णय क्षमता की क्षेत्र में सराहना हो रही है। सुबह-सुबह की गई कार्रवाई ने यह संदेश दिया कि प्रशासन केवल शिकायतों पर निर्भर नहीं है, बल्कि स्वयं निगरानी कर अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। संयुक्त टीम की रणनीतिक योजना और मौके पर उपस्थिति ने अभियान को प्रभावी बनाया।



#### टीएफसी में तहसीलदार शामिल, कार्रवाई नहीं

सरिया में 12 वाहनों पर कार्रवाई की। इसके विपरीत बरमकेला क्षेत्र में अवैध रेत तस्करी और ईंट भट्ठों के संचालन को लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं, लेकिन अभी तक सरिया जैसी बड़ी और दिखाई देने वाली कार्रवाई की सूचना नहीं मिली है। कलेक्टर द्वारा बरमकेला तहसीलदार पुष्पेंद्र राज को भी स्पेशल टास्क फोर्स की जिम्मेदारी सौंपी गई है, बावजूद इसके जमीनी स्तर पर अपेक्षित सख्ती नजर नहीं आ रही है। हालांकि तहसीलदार पुष्पेंद्र राज ने स्पष्ट किया है कि वे अवकाश पर थे और शीघ्र ही अवैध खनन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

## खिलाड़ियों की आवाज बनीं विधायक खेल सुविधाओं को लेकर किया सवाल

**बिलाईगढ़**। बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में खेल मैदानों के विकास, स्टेडियम निर्माण और खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के मुद्दे पर विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे ने विधानसभा में बुधवार को आवाज उठाई। उनके सवालों ने न केवल क्षेत्र की जमीनी हकीकत उजागर की, बल्कि सरकार की खेल संबंधी तैयारियों पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए। विधानसभा में पूछे गए तारांकित प्रश्न के माध्यम से विधायक लहरे ने यह जानना चाहा कि बिलाईगढ़ क्षेत्र में विकासखंड स्तर पर कितने खेल स्टेडियम या मिनी स्टेडियम स्वीकृत हैं और उनमें से कितनों का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। सरकार की ओर से जानकारी निरंक का जवाब सामने आया। यह जवाब अपने आप में इस बात का संकेत है कि क्षेत्र में खेल अधोसंरचना के विकास को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। विधायक लहरे ने बिलाईगढ़ नगर और आसपास के क्षेत्रों में एक सुसज्जित बहुउद्देशीय खेल परिसर के निर्माण की योजना के संबंध में भी प्रश्न किया।



## वित्त मंत्री के बजट में ज्ञान के साथ गति के बाद संकल्प का समावेश : अरुणधर

**रायगढ़**। जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने वित्त मंत्री विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी द्वारा पेश किए गए तीसरे बजट को ऐतिहासिक बताते हुई कहा पहले पेश किये बात में ज्ञान का समावेश रहा दूसरे बजट में ज्ञान के साथ गति को शामिल किया गया और अब तीसरे बजट में ज्ञान गति के साथ साथ साय सरकार का विकास के प्रति ठोस संकल्प की झलक भी नजर आ रही है। इस बजट में संकल्प की अवधारणा को परिभाषित करते हुए भाजपा नेता अरुण धर दीवान ने कहा कि बजट में समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, लाइवलीहुड, पालिसी से परिणाम तक समग्र विषयों के क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया है। यह बजट हर छत्तीसगढ़ वासी को लाभ पहुंचाएगा। वर्ष 25.26 की तुलना में 12.4 प्रतिशत वृद्धि के साथ यह बजट 7,09,553 करोड़ रुपए का है।



## सरिता ने कहाः बजट निर्णायक व ऐतिहासिक

**कोसीर**। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सरिता जायसवाल ने इस बजट को बहुत ही महत्वपूर्ण निर्णायक और ऐतिहासिक बताया। उन्होंने बताया कि इस बजट से पूरे राज्य की गतिविधियो को एक नया आयाम मिलेगी यह बजट सभी विभाग व दिशा को लेकर बहुत ही निर्णायक व ऐतिहासिक बजट की है इसके साथ ही साथ उसने क्राग्रेश सरकार की पिछले कार्य काल मे हूऐ कुप्रबंधन का उत्तर भी है बताया उन्होंने केन्द्र मे बैठे भाजपा सरकार नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य सपने और राज्य सरकार के नेतृत्व मे निरंतर विकास अग्रसर हर प्रत्येक दिशा की ओर है उनके अनुसार हर महिलाओ किसानो और मेरे युवा भाइयो के लिए किए गए ठोस प्रावधान राज्य की सामाजिक आर्थिक संरचना को और भी अधिक बढावा देगी वही नक्सल प्रभावित क्षेत्र मे विकास की गति तेज होगी जिसके लिए इस बजट मे विशेष प्रावधान रखा गया है वही ग्रामीण क्षेत्र सहित शहरी क्षेत्र के गरीब परिवारो को रहने के लिए पक्का मकान मिलेगी।






## टेक्नो-कल्चरल रंग में रंगा ओपीजेयू, इंडियन आइडल फेम ऋषि की प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ओपी जिंदल विश्वविद्यालय, रायगढ़ में आयोजित तीन-दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के टेक्नो-कल्चरल महोत्सव टेक्नोएम्बिशन-26 का समापन 21 फ़रवरी को इंडियन आइडल फेम ऋषि सिंह की सुरमयी प्रस्तुति के साथ हुआ। 19 से 21 फ़रवरी तक चले इस महोत्सव में देशभर से आए छात्र-छात्राओं ने तकनीकी कौशल, सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी बहुमुखी प्रतिभा के दम पर लाखों रुपये की पुरस्कार राशि अपने नाम की। तीन दिनों तक चले इस उत्सव ने परिसर को ऊर्जा, उत्साह और नवाचार के रंगों से सराबोर कर दिया, वहीं अंतिम संध्या में ऋषि सिंह के गीतों ने समापन समारोह को यादगार बना दिया। 19 फ़रवरी की सुबह टेक-फेस्ट के प्रमुख तकनीकी इवेंट टेक-लैब का विधिवत शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शशधर दास प्लांट हेड–अडानी पावर, रायगढ़ उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में अभय कुमार समैय्यार प्लांट हेड – डीसीपीपी ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। यह आयोजन कुलपति डॉ. आर. डी. पाटीदार, सुधीर राय, कुलसचिव डॉ. अनुराग विजयवर्गीय एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। भविष्य की चुनौतियों का आत्मविश्वास के साथ सामना कर सकें। शाम को टेक-फेस्ट के सांस्कृतिक कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि अजय कुमार पांडेय सीईओ–जेपीएल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पिनाकी भट्टाचार्य वीपी–जिंदल स्टील, आमित खोखर ईवीपी–जिंदल स्टील, आशीष कुमार सीएचआरओ–जिंदल स्टील, रायगढ़, डॉ. आर. डी. पाटीदार कुलपति–ओपीजेयू, डॉ. अनुराग विजयवर्गीय कुलसचिव–ओपीजेयू, डॉ. राकेश नायक एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।









